5439 192000 16/30

भारतीय गैर न्यायिक

10000 रु. Rs.10000

10000 रु. Rs.10000

10000 रु. Rs.10000 दस हज़ार रुपये

10000 रु. Rs.10000 RUPEES TEN THOUSAND

सत्यमेव जयते

10000 रु. Rs.10000

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

03AA 778534

3840-00
36-00
2-50
0-94

3879-44

26/6/03

24.6.2003

1. नाम लेख्यकारी मय पुरा पता :-

(1) श्री गिरिन्द्र तिवारी
(2) श्री राजू कुमार तिवारी } पेशरान स्वर्गीय फकिरा तिवारी

जाति ब्राहम्ण, निवास स्थान वो पोस्ट औफिस बारालोटा, थाना शहर डालटनगंज, जिला पलामू, पेशा गृहस्थी, भारतीय.

2. नाम लेख्यधारी मय पुरा पता :-

श्रीमति किरण तिवारी, पति श्री मणिकान्त तिवारी, कायम जाति ब्राहम्ण, निवास स्थान पटेल नगर, सुदना, थाना शहर डालटनगंज, जिला पलामू, पेशा गृहस्थी, भारतीय.

457

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५000रु.  Rs 5000

सत्यमेव जयते

भारत

पाँच हज़ार रूपये  FIVE THOUSAND RUPEES



3. <u>लेख्य प्रकार</u> :-

निर्विवाद विक्रय पत्र । ***( Sale Deed )***

4. <u>मूल्य सम्पति</u> :-

मोबलीग एक लाख बानवे हजार रूपये।
बाजार मूल्य 1,92,000/- रूपये ।

5. सैयमोवईया एराजी 0.7 $^1/_2$ डी0 सात पूर्णांक एक बटा दो डी0 जमीन धान खेत जो बाद में आवासीय लायक जिसका क्षेत्रफल जानीब पूरब - दक्षिण से उत्तर 88'-6" (अठ्ठासी फीट छः इंच) लम्बा व पश्चिम - दक्षिण से उत्तर - 83'-3" (तेरासी फीट तीन इंच) लम्बा तथा दक्षिण - पूरब से पश्चिम 43'-9" ( तैंतालीस फीट नौ इंच) चौड़ा तथा उत्तर - पूरब से पश्चिम 29'-9" (उनतीस फीट नौ इंच) चौड़ा है, जिसका हिन्दी नाप दो कट्ठा का होता है। हसब तफसील जैल जमीन वाके मौजा बारालोटा, जी.एल.ए. कॉलेज, पांकी रोड, जनकपुरी से नहर की ओर उत्तर तरफ, थाना शहर डालटनगंज जिला पलामू, इलाके रजिस्ट्री औफिस मोकाम डालटनगंज, जिला पलामू। हकियत कास्त रैयति मौरूसी खास अपना हिस्सा का पार्ट होल्डिंग बिक्री करते हैं।

| तौजी नं0 | थाना नं0 | खेवट नं0 |
|---|---|---|
| 51 | 198 | 1 |

गवाह

1000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१000रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हज़ार रूपये ONE THOUSAND RUPEES



| खाता नं0 | प्लौट | रकवा | चौहद्दी |
|---|---|---|---|
| 53 (तिरपन) | 605 (छव सौ पांच) | 0.4 1/10 | उ0 – अशोक तिवारी पिता स्व.गरीबा तिवारी |
| | | | द0 – मोरम रोड |
| ,, | 593 (पाँच सौ तिरानवे) | 0.3 2/5 | पु0 – नीज विक्रेता |
| | | | प0 – रामचन्द्र तिवारी वो अशोक तिवारी |
| 1 | 2 | 0.7 1/2 डी0 | |

माल गुजारी सलाना सैयमोवईया मो0 1/- रूपया अलावे शेष.

नाम मालिक :- झारखण्ड सरकार, अंचल पदाधिकारी साहब, मोकाम डालटनगंज, जिला पलामू।

चूं लेख्यकारी को मुन्दर्जे खाना 5 वसिका हाजा की जमीन रैयती मौरूसी हक हासील जिसमें उपरोक्त खाता प्लौट की जमीन लेख्यकारी के खास अपने हिस्से तरके में मिला है, जिस पर लेख्यकारी का शान्ति पूर्वक दखल कब्जा चला आ रहा है। चूकि लेख्यकारी के परिवार में कर्ता-धर्ता के रूप में उनके चाचो भूलन तिवारी थे, इसलिए अभी भी इन्हीं के नाम से सरकारी रसीद भी कटती चली आ रही है। फिलहाल लेख्यकारी को रूपये का सख्त जरूरत वास्ते करने अदाय चन्द महाजनान वो दिगर जरूरी कामों

अशोक तिवारी दि: 23.6.2003

राज कुमार तिवारी 23.6.03

साक्षी — अशोक तिवारी

[illegible] 23/6/03

100Rs.






के जरूरी है जो बिना किये बिक्री जमीन के अपने पास से होना गैर मुमकिन है। इसलिए लेख्यकारी ने जमीन बिक्री का एलान चन्द दिगर लोगों से तथा इस वसिका के चौहदीदारो से किये जो उचित मुल्य देनें को तैयार नहीं हुए। अन्त में लेख्यधारी ने उपरोक्त वर्णित मूल्य देकर जमीन खरीदने की बात लेख्यकारी से किये जिस पर लेख्यकारी तैयार वो रजामन्द हो गये जो जमाने के हिसाब से उचित है। इसलिये लेख्यकारी ब-खुशी वो ख्वाहीश अपने, बैला बहकाने वो फुसलाने किसी दूसरों के तथा अपने स्वस्थ्य मन से वो अपना कुल नफा वो नुकसान को अच्छी तरह से सोच समझ कर खाना संख्या 5 की सम्पति को मो0 एक लाख बानवे हजार रूपये 1,92,000/- रूपया में साथ लेख्यधारी के बेचा वो रूपया जर्रसम्मन का एक मुश्त से नगद वसुल कबल रजिस्ट्री के पा चुके हैं।

अब लेख्यकारी का लेख्यधारी के पास जर्रसम्मन के मद में एक भी खर-मोहरा बाकी नहीं रहा।

चाहिए कि लेख्यधारी खुद मय वारिसाने कायम मोकायमान एके वा दिगैर सैयमोवईया से जमीन पर दखल कार होकर वो रह कर जोत-कोड़ करे या सुविधानुसार आवासीय बना कर उसमें नया मकान का तामीर कर उसमें रहे या किराये पर लगावे या बन्धक रखें या बिक्री करें, याने जिस तरह से चाहे अपने तहद वो तसरूफ में दर लाया करेगी वो नाम अपना मालिक के सिरिस्ते में दर्ज करा कर माल मय शेष अदा कर साल-ब-साल मालगुजारी का रसीद हासिल किया करेगी।






लेख्यकारी ने लेख्यधारी को पूर्ण विश्वास दिलाया है कि खाना संख्या 5 की सम्पति हर तरह से वारदैन से पाक वो साफ है। इसमें किसी प्रकार का नुक्स या वारदैन नहीं है। लेख्यकारी ने यह भी विश्वास दिलाया है कि इस पर किसी भी प्रकार का ऋण भार नहीं लिया है जिससे कि हकियत पर कोई आँच आवे। इसलिए लेख्यकारी यह विक्रय पत्र लेख्यधारी के पक्ष में लिख देते हैं कि समय पर काम आवे वो प्रमाण रहे। वाजे रहे कि वसिका के साथ दो फर्द नक्शा संलग्न है जिसमें एकवा लाल रंग से दर्शाया गया है जो इस वसिका का अंग है।

आज दिनांक 23 जून सन् 2003 ईस्वी, स्थान डालटनगंज, जिला पलामू।

प्रमाणित किया जाता है कि दस्तावेज का दोनों प्रति एक दूसरे का हू-बहू है।

टंकक

इन्द्रजीत सिंह,
डालटनगंज कचहरी.

10 Rs.




सैयद तिवारी ता: 23.6.2003

राज कुमार सिंह 23.6.03



कातिब:- शमशेर आलम ताईद मोकाम डालटन गंज जिला पलामू। केवाला का मजमून पढ़ दोनो पक्षो को सुना व समझा दिया। विक्रेता के कहने पर यह विक्रय पत्र लिखा तथा सही लिखा पा कर अपना हस्ताक्षर बनाया तथा केवाला विक्रेता के हवाले किया।

तारीख:- २३-६-०३.

ला० नं० ८३/९९-०३.